ont>

12.48hrs.

Regarding need to fix the minimum support price for Sugarcane-Contd.

Title : Need to fix minimum support price for sugarcane and pay the arrears due to the sugarcane growers.

श्री हरपाल सिंह साथी (हरिद्वार) : अध्यक्ष महोदय, भारत कृि प्रधान देश है। यहां की 80 फीसदी जनता गांवों में रहती है और किसानी का काम करती है। बड़े दुख के साथ कहना पड़ता है कि किसान धूप में पसीना बहा कर बड़ी मेहनत से जो गन्ना पैदा करता है, आधा सीजन बीत गया, उसके भाव अभी तक तय नहीं हुए हैं। केन्द्र सरकार और राज्य सरकार इस मामले में मौन है। मैं उत्तरांचल के हरिद्वार क्षेत्र से चुन कर आया हूं। मेरे लोक सभा में तीन शूगर मिलें हैं लेकिन उनकी दशा खराब है। इकबालपुर शूगर मिल बंद हो चुकी है। किसानों के गन्ने का पिछला भुगतान भी नहीं हुआ है और आगे भी किसानों के गन्ने के दाम फिक्स नहीं हुए हैं जो बड़े दुख की बात है। ऐसा करके किसानों का उत्पीड़न हो रहा है। â€¦ (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदयः इसका उत्तर सदन में दिया गया है।

श्री हरपाल सिंह साथी : आप इसे तुरन्त लागू कराएं। धान की फसल कट चुकी है लेकिन किसानों का धान ज्यों का त्यों पड़ा है। उत्तरांचल सरकार ने क्रय केन्द्र नहीं खोले हैं। आप इसकी तुरन्त व्यवस्था कराने का कट करें।